राज्य निर्वाचन आयोग,बिहार

State Election Commission, Bihar

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांकः 06.05.2026

<u>नगरपालिका आम/ उप निर्वाचन,2026 हेतु मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची से संबंधित दावा-आपति निष्पादन से संबंधी सूचना।</u>

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2026 के सफल संचालन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वैधानिक प्रक्रियाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। इस संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं निम्नवत हैं:

- नगरपालिका आम/उप निर्वाचन,2026 के अंतर्गत मतदान केन्द्र के प्रारूप प्रकाशन की सूची (प्रपत्र-A) के उपरांत दावा/आपत्ति दाखिल करने की अवधि 24.04.2027 से 07.05.2026 निर्धारित है,जिसके अंतर्गत विज्ञप्ति लिखे जाने तक मतदान केन्द्र से संबंधित केवल एक ऑनलाइन आपत्ति प्राप्त हुई है।
- प्रारूप मतदान केन्द्रों की सूची (प्रपत्र-A) से संबंधित दावा/आपत्ति दाखिल करने के निमित्त अंतिम तिथि 07.05.2026 निर्धारित की गई है, इस तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि मतदान केन्द्र से संबंधित दावा/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा पावती रसीद आपत्तिकर्ता को अनिवार्य रूप से प्रदान की जाती है। प्राप्त आपत्तियों की जांच एवं समीक्षा के उपरांत अभिलेख में कारण अंकित करते हुए आदेश पारित किया जायेगा।
- नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2026 हेतु निर्धारित अवधि में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के उपरांत कुल **4368** दावा/आपत्ति प्राप्त हुए थे। जिसमें निष्पादन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 04.05.2026 तक प्राप्त कुल दावा/आपत्तियों में से **3194** को स्वीकार कर दिया गया और शेष **1174** दावा/आपत्ति को प्रावधान के अध्यधीन निरस्त/अस्वीकृत कर निष्पादित कर दिया गया।

- **मतदाता/नागरिक हेतु सुविधा**
  - मतदाता के लिए ऑनलाईन सुविधा :- कोई भी मतदाता/ नागरिक राज्य निर्वाचन आयोग,बिहार के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर जाकर निर्वाचन/मतदाता सूची/मतदान केन्द्र/ 'प्रपत्र-1' से संबन्धित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं ऑनलाइन दावा/आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं।
  - इसके अलावा कोई भी व्यक्ति/मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नं. 1800-3457-243 पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

Scanned with OKEN Scanner